यह निरीक्षण आख्या कार्यालय प्रधानाचार्य,राजकीय पॉलीटैक्नीक, सल्ट अल्मोड़ा ,के माह 09/2007 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गई है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय प्रधानाचार्य,राजकीय पॉलीटैक्नीक, सल्ट अल्मोड़ा के लेखापरीक्षा अवधि की माह 09/2007 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन श्री अजय त्यागी, श्री प्रहलाद सिंह, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 19/10/2018 से 26/10/2018 तक श्री राम सनेही लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## भाग-I

**परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखा परीक्षा श्री एस॰पी॰कैथल,सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी व श्री दानिश इकबाल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 24.09.07 से 03॰10॰2007 तक श्री ओ॰पी॰शुक्ला लेखापरीक्षा के पर्यवेक्षण मे संपादित की गई थी जिसमे 08/2006 से 08/2007 तक की अवधि की लेखा परीक्षा की गई | वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 09/2007 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

1. **(i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र-** छात्राओ को तीन वर्षीय डिप्लोमा हेतु शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान रेलवे स्टेशन से 70 कि॰मी॰ कि दूरी पर रामनगर-देवाल मार्ग पर स्थित है |

(ii) (अ) विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

**(रु लाख में)**

| **क्र॰ सं॰** | **वित्तीय वर्ष** | **स्थापना** | | | **गैर स्थापना** | | | **आधि॰ (+)** | **बचत(-)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **प्रा.शे॰** | **आवंटन** | **व्यय** | **प्रा.शे॰** | **आवंटन** | **व्यय** | | |
| 1 | 2015-16 | - | 5788000 | 5459695 | - | 3139150 | 3021390 | 446065 | |
| 2 | 2016-17 | - | 11575744 | 5839349 | - | 2411500 | 1960324 | 6187571 | |
| 3 | 2017-18 | - | 8070556 | 7837581 | - | 1465572 | 1398264 | 300283 | |
| 4 | 2018-19 व्यय 09/18 तक | - | 13235000 | 7593866 | - | 2267700 | 513664 | 7395170 | |

**(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः**

| वर्ष | योजना का नाम | | प्रा॰अवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्ति | विविध प्राप्तिया | कुल प्राप्ति | व्यय | आधिक्य बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | CDTP-R | | 1090876 | 800000 | 53394 | 1944270 | 601364 | 1342906 |
| | CDTP-NR | | 474783 | - | - | - | - | 474783 |
| | Upgradation | | 37693 | 6000000 | - | 6037693 | 5434251 | 603442 |
| | NSS Special | | 836 | 10513 | - | 11349 | 11250 | 99 |
| | NSS Regular | | 2050 | 10900 | - | 12950 | 12860 | 90 |
| 2016-17 | CDTP-R | | 1342906 | 400000 | 85261 | 1828167 | 439605 | 1388562 |
| | CDTP-NR | | 474783 | - | - | - | 39952 | 434831 |
| | Upgradation | | 603442 | 2400000 | 630 | 3004072 | 360315 | 2643757 |
| | NSS Special | | 149 | 11151 | 6 | 11306 | 11250 | 56 |
| | NSS Regular | | 157 | 10910 | 8 | 11075 | 11000 | 75 |
| 2017-18 | CDTP-R | | 1388562 | 400000 | 59204 | 1847766 | 651957 | 795809 |
| | CDTP-NR | | 434831 | - | - | - | 47062 | 387769 |
| | Upgradation | | 2643757 | - | - | - | - | 2643757 |
| | NSS Special | | 56 | - | - | 56 | 11233 | - |
| | NSS Regular | | 75 | - | - | 75 | 10500 | - |

(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा किया जाता है। गैर स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई का आवंटन स्रोत ,राज्य सरकार / भारत सरकार है। इकाई की श्रेणी “सी” है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः

सचिव
↓
निदेशक
↓
प्रधानाचार्य
↓
प्रधान सहायक
↓
वरिष्ठ सहायक
↓
कनिष्ठ सहायक
↓
अनुदेशक

(iv) **लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटैक्नीक, सल्ट अल्मोड़ा की लेन देन की लेखापरीक्षा को आच्छादित किया गया है । समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटैक्नीक, सल्ट अल्मोड़ा की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर

आधारित है। माह 01/2010, 03/2015, 03/2016, 03/2017, 03/2018, 06/2018 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया उक्त माहों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। प्रतिचयन सर्वाधिक व्यय के आधार पर किया गया।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) की धारा 13, लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

## <u>STAN</u>

**प्रस्तर:1- धनराशि ₹ 8238.00 के छात्रवृत्ति (ब्याज सहित) की धनराशि वर्ष-2014 से अनावश्यक रूप से अवरुद्ध रखे जाने के संबंध में।**

जिला समाज कल्याण अधिकारी अल्मोड़ा, कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पोलीटेक्निक, सल्ट (अल्मोड़ा) मे अध्ययनरत अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /पिछड़ी जाति ,अल्पसंख्यक एवं विकलांग छात्र /छात्राओ को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। कॉलेज प्रबन्धन द्वारा समाज कल्याण विभाग से प्राप्त छात्रवृत्ति को छात्र /छात्राओ के डाक घर तथा बैंक मे खोले गए खाते के माध्यम से भुगतान किया जाता हैं। सरकारी प्रावधान यह हैं कि अवितरित छात्रवृत्ति की धनराशि को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से समाज कल्याण विभाग को वापस करना होता हें वर्ष 2013-14 से समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि संबंधित छात्र /छात्राओ के बैंक खातो मे सीधे ही transfer कर दिया जाता हैं। इस संबंध मे सम्प्रेक्षा द्वारा इकाई से पूछे जाने पर इकाई द्वारा अपने उत्तर मे लेखा परीक्षा कार्यालय को अवगत कराया हें कि इकाई स्तर पर सम्प्रेक्षा तिथि (10/18) तक ₹ 8328.00 कि धनराशि लंबित पड़ी हैं जिसे सम्प्रेक्षा तिथि को समाज कल्याण विभाग को वापस नहीं किया गया था। सम्प्रेक्षा मे विभाग का उत्तर मान्य नहीं हैं क्योंकि छात्रों द्वारा छात्रव्रती फार्म भरने एवं सभी औपचारिकता पूर्ण करने के बाद ही छात्रवृत्ति की मांग समाज कल्याण विभाग से की जाती हैं। अत: धनराशि ₹ 8238.00 के छात्रवृत्ति (व्याज सहित) की धनराशि समाज कल्याण विभाग को वापस किया जाना अपेक्षित रहेगा।

**भाग-III**

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण :**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग-II'अ' प्रस्तर संख्या | भाग-II'ब' प्रस्तर संख्या | अनुपूरक नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखा परीक्षा है | | | |

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन सं० | प्रस्तरसंख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| इकाई की प्रथम लेखा परीक्षा है। | | | | |

# भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

“शून्य”

**भाग-V**

**आभार**

1. कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य, राजकीय ,पॉलीटैक्नीक, सल्ट अल्मोड़ा  की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है। तथापि **लेखापरीक्षा में  निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः**

(i) शून्य

2. **सतत् अनियमितताएः**

(i) शून्य

3. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया|**

| क्रम सं | नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए॰के॰ सक्सेना | प्रधानाचार्य | 16-09-2003 से 04/07-2008 |
| 2. | श्री बी॰एस॰गुप्ता | - तदैव - | 11-07-2008 से 31-01-2009 |
| 3. | श्री नरेश सिंह | - तदैव - | 01-02-2009 से 06-09-2009 |
| 4. | श्री प्रभात कुमार | - तदैव | 07-09-2009 से 02-08-2017 |
| 5. | श्री उम्मेद माथुर | तदैव | 04-08-2017 से 27-06-2018 |
| 6. | श्री वीरेंद्र कुमार | तदैव | 28-06-2018 से 10-09-2018 |
| 7. | श्री अनिल कुमार सिंह गौड़ | तदैव | 12-09-2018 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, साल्ट अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे वरिष्ठ उप महालेखाकार/उप महालेखाकार सामाजिक क्षेत्र को प्रेषित कर दी जाये।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**